**Celebration of National Mathematics Day**
**Date:** Dec 22, 2021

## NOTICE

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(Established under Central Universities Act 2009)
शाहपुर परिसर, शाहपुर, ज़िला काँगड़ा (हि.प्र.) - 176206
Shahpur Parisar, Shahpur, Distt. Kangra (HP) - 176206
Website: www.cuhimachal.ac.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

File No.: MTH/2-2/Workshop-Seminar/CUHP/21/ 387-390 Dated: 13.12.2021

### सूचना

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, शाहपुर परिसर, शाहपुर में **श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग** और, **वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र**, गणित, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल द्वारा दिनांक **22 दिसम्बर, 2021** को "**राष्ट्रीय गणित दिवस**" समारोह का **सामूहिक रूप से आयोजन** किया जा रहा है, जिसका **विवरण** निम्न प्रकार से है:-

| राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसंबर 2021 | | | |
|---|---|---|---|
| सत्र | समय | गतिविधि का नाम | गतिविधि समन्वयक |
| दोपहर के भोजन से पहले का सत्र | 09:00 - 10:00 पूर्वाह्न | गणितीय रंगोली (समूह आधारित) | डॉ. मीनाक्षी |
| | 10:00 - 10:30 पूर्वाह्न | पाई अंक प्रतियोगिता (व्यक्तिगत आधारित) | डॉ. सचिन श्रीवास्तव |
| | 10:30 - 11:30 पूर्वाह्न | गणितीय प्रश्नोत्तरी (समूह आधारित) | डॉ. सचिन श्रीवास्तव |
| | 11:30 - 12:30 अपराह्न | गणितीय वार्ता: भारतीय ज्ञान प्रणाली (व्यक्तिगत आधारित) | डॉ. सचिन श्रीवास्तव |
| | 12:30 - 01:30 अपराह्न | गणितीय डम्ब शराज़ (समूह आधारित) | डॉ. मीनाक्षी |
| दोपहर का भोजनावकाश | 01:30 - 02:30 अपराह्न | | |
| दोपहर के भोजन के बाद का सत्र | 02:30 - 03:00 अपराह्न | गणितीय मॉडल (समूह/ व्यक्तिगत आधारित) | डॉ. पंकज कुमार (सुपुत्र श्री कृष्ण सिंह) |
| | 03:00 - 03:30 अपराह्न | पोस्टर प्रस्तुति (समूह/ व्यक्तिगत आधारित) | डॉ. पंकज कुमार (सुपुत्र स्व. श्री. मणिराम) |
| | 03:30 – 04:00 अपराह्न | अध्यक्षीय संबोधन : माननीय कुलपति महोदय | |
| | 04:00 - 05:00 अपराह्न | मुख्य अतिथि /वक्ता: श्री देशराज शर्मा जी | |
| विदाई सत्र | 05:00 - 05:30 अपराह्न | पुरस्कार वितरण | |

सभी विद्यार्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि किसी भी गतिविधि में के बारे में अधिक जानकारी तथा भाग लेने हेतु सम्बंधित गतिविधि समन्वयक से संपर्क करें।


13.12.2021

प्रो. राकेश कुमार
संयोजक एवम् अधिष्ठाता,
गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आगामी कार्यवाही हेतु प्रति अग्रेषित:-

1. सूचना पट्ट।

# POSTER NMD-2021




## REPORT

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग और वैदिक गणितीय अनुसन्धान केंद्र ने संयुक्त रूप से महान भारतीय गणितज्ञ-श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर 22 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल जी ने की| उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 1887 में तमिलनाडु के इरोड शहरमें जन्मे विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जीवन एक विस्मयकारी यात्रा थी जिसमें रामानुजन ने न केवल कई गणितीय सिद्धांतों को सुलझाया बल्कि उन्हें उस समय के महानतम गणितज्ञों के समक्ष भी रखा। कुलपति महोदय ने रामानुजन के मैजिक नंबर 1729 का भी जिक्र किया और कहा कि गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान अतुल्नीय है जिसको कि भुलाया नहीं जा सकता| उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपना सुभाशीष प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की| माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभी विभागों में होते रहने चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके|

समारोह के मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता श्री देश राज शर्मा, उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती ने श्रीनिवास रामानुजन के गणित में योगदान से प्रतिभागियों तथा संकाय सदस्यों को अवगत कराया| उन्होंने कहा कि देशभर में गणित विषय में उत्तीर्ण होने की प्रतिशतता अन्य विषयों से कम रहती है, जिसका सबसे बड़ा कारण गणित को व्यवहार में नहीं उतार पाना है| उनके अनुसार वर्तमान में जब तक गणित विषय को व्यवहार में नहीं उतारा जाता और भारतीय ज्ञान परम्परा से नहीं जोड़ा जाता तब तक ये समस्या बनी रहेगी|

राष्ट्रीय गणित दिवस के इस समारोह में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित विभिन्न छात्र उन्मुख गतिविधियों जैसे कि गणितीय डंब सराज, गणितीय मॉडल, पोस्टर प्रस्तुति, गणितीय रंगोली, पाई अंक प्रतियोगिता, गणितीय प्रश्नोत्तरी औरगणितीय वार्ता का आयोजन किया गया, जिनका मुख्य उद्देश्य छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके अंदर छुपी हुई गणितीय प्रतिभा को उजागर करना था। विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभाओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

समारोह में आयोजित सभी गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री देश राज शर्मा एवं विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आचार्य राकेश कुमार द्वारा

सम्मानित किया गया। आयोजन सचिव डॉ मीनाक्षी ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह को सफल बनाने में गणित विभाग के सभी प्राध्यापकों, शोध छात्रों तथा विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा| विभिन्न प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किये गए:

**पाई अंक प्रतियोगिता** में **प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः** अनिल कुमार, अनिकेता और डिंपल चौहान को क्रमशः 110, 106 और 104 दशमलव स्थान तक पाई अंको के मान को सही से लिखने के कारण मिला|

**गणितीय वार्ता** मेंपियूष शर्मा ने **प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा** विषय पर **प्रथम पुरस्कार** प्राप्त किया, कनु चौधरी ने **गणित का दर्शनशास्त्र** विषय पर **द्वितीय पुरस्कार** प्राप्त किया जबकि **भारतीय गणित का योगदान** विषय पर **तृतीय पुरस्कार** शौर्य कँवर को मिला|

समूह आधारित प्रतियोगिता **गणितीय रंगोली** में समूह डी के प्रतिभागियों आर्यन राणा, कमलेश कुमार सिद्धार्थ शर्मा, दीपांशु, डिंपल चौहान और दीक्षित ने **प्रथम पुरस्कार** प्राप्त किया| **द्वितीय पुरस्कार** समूह ए. से कनिका, श्रुति नरयाल, नेहा देवी, राहुल, शौर्य कँवर और शाइनी ठाकुर के नाम रहा जबकि **तृतीय पुरस्कार** समूह बी. से कनु चौधरी, इंदु बाला, पूनम और ज्योति रानी ने प्राप्त किया|

**गणितीय प्रश्नोत्तरी** में **प्रथम पुरस्कार** समूह डी से डिंपल चौहान, दीपांशु, हरदीप कौर और कनिका को मिला| **द्वितीय पुरस्कार** समूह ई से पियूष शर्मा, कनु चौधरी, कमलेश कुमार मनिंदर सिंह ने प्राप्त किया जबकि **तृतीय पुरस्कार** समूह सी से कात्यायनी, शाइनी ठाकुर, श्रुति नरयाल और आर्यन राणा के नाम रहा|

**गणितीय डंब सराज** में **प्रथम पुरस्कार** समूह ए से सोनू कुमार, बेसर सिंह, शिवानी धीमान और इंदु बाला को मिला जबकि **द्वितीय पुरस्कार** समूह बी से प्रीति, अन्चना, शिवानी और पब्लिश के नाम रहा| **तृतीय पुरस्कार** समूह डी से मनिंदर सिंह, लक्ष्मी नारायण, अखिल और कात्यायनी के नाम रहा|

**गणितीय मॉडल** मेंसमूह डेल्टा से पियूष शर्मा और सिद्धार्थ शर्मा को **प्रथम पुरस्कार**, समूह बीटा से गार्गी ठाकुर को **द्वितीय पुरस्कार** तथा समूह गामा से शौर्य कँवर को **तृतीय पुरस्कार** मिला|

**पोस्टर प्रस्तुति** मेंसमूह सी से अंशिका और वैशाली को **प्रथम पुरस्कार**, समूह बी से इंदु बाला और नेहा ठाकुर को **द्वितीय पुरस्कार** और समूह ई से कनु चौधरी को **तृतीय पुरस्कार** मिला |

## <u>Media Coverage</u>



# गणितीय प्रश्नोत्तरी में डिम्पल चौहान, दीपांशु, हरदीप कौर व कनिका प्रथम

### राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन

धर्मशाला, 23 दिसम्बर (नवीन): हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग और वैदिक गणितीय अनुसंधान केंद्र की ओर से संयुक्त रूप से भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। उन्होंने कहा कि गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान अतुलनीय है। समारोह के मुख्यातिथि तथा मुख्य वक्ता देश राज शर्मा, उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री विद्या भारती ने श्रीनिवास रामानुजन के गणित में योगदान से प्रतिभागियों तथा संकाय सदस्यों को अवगत कराया। भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित विभिन्न छात्र उन्मुख गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि देश राज शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक आचार्य राकेश कुमार ने सम्मानित किया।

*धर्मशाला : समारोह के बाद प्रतिभागी विजेता और अन्य विद्यार्थी प्राध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र में।* (छाया)

पाई अंक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमश: अनिल कुमार, अनिकेता और डिम्पल चौहान को क्रमश: 110, 106 और 104 दशमलव स्थान तक पाई अंकों के मान को सही से लिखने के कारण मिला। गणितीय वार्ता में पियूष शर्मा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कनु चौधरी ने गणित का दर्शनशास्त्र विषय पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। भारतीय गणित का योगदान विषय पर तृतीय पुरस्कार शौर्य कंवर को मिला। समूह आधारित प्रतियोगिता गणितीय रंगोली में समूह डी के प्रतिभागियों आर्यन राणा, कमलेश कुमार, सिद्धार्थ शर्मा, दीपांशु, डिंपल चौहान और दीक्षित ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। गणितीय प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कार समूह डी से डिम्पल चौहान, दीपांशु, हरदीप कौर व कनिका को मिला। गणितीय डंब सराज में प्रथम पुरस्कार समूह ए से सोनू कुमार, बेसर सिह, शिवानी धीमान और इंदु बाला को प्राप्त हुआ। गणितीय मॉडल में समूह डेल्टा से पीयूष शर्मा और सिद्धार्थ शर्मा को प्रथम पुरस्कार, समूह बीटा से गार्गी ठाकुर को द्वितीय पुरस्कार तथा समूह गामा से शौर्य कंवर को तृतीय पुरस्कार मिला। पोस्टर प्रस्तुति में समूह सी से अंशिका और वैशाली को प्रथम पुरस्कार, समूह बी से इंदु बाला और नेहा ठाकुर को द्वितीय पुरस्कार और समूह ई से कनु चौधरी को तृतीय पुरस्कार मिला।

नगरोटा बगवां (स.ह.): राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में वीरवार को गणित विभाग के सौजन्य से गणित दिवस मनाया गया जिसमें प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में शिवांश की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया जिसमें विशाल, तुषार व रक्षक ने भी भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनु, अमीषा और तनुशी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में अनुष्का ने पहला, पूनम ने दूसरा और इशिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।